सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत सिर्फ औपचारिकता

शिकायत पर कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं होती

धारनाकला नवभारत। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो के नागरिको की समस्याओ का त्वरित समाधान हो तथा दर्ज शिकायतो का समाधान 3 से 7 दिनो मे आवश्यक रूप से हो किन्तु सरकार द्वारा द्वारा आमजन जन की सुविधा और शिकायत के निराकरण के लिये बनाई गई यह सुविधा महज औपचारिकता बनकर रह गई है जिसमे यह भी देखा गया है की 181 मे दर्ज शिकायत पर कार्रवाई तो दूर की बात है सम्बन्धित विभाग के द्वारा जांच तक करना मुनासिब नही समझा जाता।

यही कारण की बरघाट जनपद के आला अधिकारियो की इस सेवा मे निष्क्रियता के चलते लोगो का मध्य प्रदेश सरकार की इस आवश्यक सेवा से भी विश्वास उठता चला जा रहा है चूंकि कार्यालय और आफिस मे बैठे बेठे ही सी एम हेल्प लाइन से जुडी शिकायतो मे निराकरण दर्ज करना बरघाट जनपद के लिये अब आम बात हो गई है और यही कारण है की एक वर्ष से दर्ज शिकायत झूठे निराकरण के चलते अधिकारियो की टेबिल पर गोता खा रही है ।

कागजों में खेत तालाब वर्षो पुराने तालाब बना दिये नये

ऐसा ही एक मामला बरघाट जनपद से जुडी ग्राम पंचायत का प्रकाश मे आया है जहा सरकार की राशि का दोहन खेत तालाब योजना के नाम पर किया गया जिसमे वर्षो पुराने खेत मे बने अनेको गडढो को खेत तालाब मे परिवर्तित कर राशि का आहरण कर लिया गया जबकि मौके पर खेत तालाब ही मौजूद नही है और अगर है भी तो वर्षो पुराना इसी सम्बन्ध मे आवेदक के द्वारा 19 अगस्त 2025 को सी एम हेल्प लाइन कृमाक 33969835 के माध्यम से जांच तथा कार्रवाई के उद्देश्य से शिकायत दर्ज कराई गई किन्तु दस माह से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी सम्बन्धित विभाग के द्वारा कार्यवाई तो दूर इस शिकायत पर आज तक जांच तक नही की किन्तु समय समय पर कार्यालय तथा आफिस मे बैठकर शिकायत पर निराकरण जरूर दर्ज होते रहा बरघाट जनपद की यह पहली शिकायत नही ऐसी अनेको शिकायते समस्याओ और भ्रस्टाचार से जुडी दर्ज है जिन शिकायतो पर अधिकारी जांच करना ही मुनासिब नही समझते यही कारण है की अब लोगो का विस्वास मध्य प्रदेश सरकार की इस सुविधा से धीरे धीरे उठते चले जा रहा है जिले की संवेदन शील जिला कलेक्टर नेहा मीना क्या बरघाट जनपद मे व्याप्त निष्क्रिय कार्य प्रणाली मे सुधार लायेगी।

नरवाई जलाने से तीन किसानों की फसल जलकर खाक

सिवनी नवभारत। नगरीय क्षेत्र से जुड़े हुए ग्रामों में गेहूं की फसल काटने के पश्चात खेतों की सफाई को दृष्टिगत रखते हुए नरवाई जलाने का क्रम जारी है इस संबंध में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को हिदायत दी गई है कि नवाई ना जलाएं लेकिन किसान प्रशासन को दत्त बताते हुए लगातार नवाई जल रहे हैं नरवाई जलाने के दौरान देखा जा रहा है कि चलने वाली हवा के कारण आसपास की खेतों में लगी हुई फसल भी जलकर खाक हो रही है लेकिन नरवाई जलाने वाले तो सिर्फ अपना स्वार्थ देख रहे हैं अन्य गांव वालों को होने वाले नुकसान को लेकर उन्हें चिंता नहीं है ऐसा ही एक मामला लखनवाड़ा में देखने को मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनवाड़ा के रहने वाले एक किसान ने अपने खेत में नवाई जलायी और इसी दौरान तेज हवा चलने के कारण निकट लगे हुए खेत जो की कमलाबाई बघेल लक्ष्मीबाई बघेल विजय बघेल के खेतों में लगी हुई पांच पांच एकड़ जमीन में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई इस संबंध में लखनवाड़ा पुलिस एवं तहसीलदार को भी अवगत कराया गया सर्वे के दौरान पटवारी द्वारा मात्र एक खेत का मुआवजा बनाया गया है जबकि अन्य दो लोगों को हुए नुकसान को लेकर प्रशासन उन्हें सहायता प्रदान नहीं कर रहा है जिसके चलते लोगों में रोज व्याप्त है किसान ने बताया कि अगर उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया तो वह अनशन पर बैठेगा जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

एक नजर में

सिवनी जिले के अधिवक्ता नवीन नागभिरे बने प्रदेश सचिव

बरघाट। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव द्वारा प्रस्तुत समाज कल्याण के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया जाता है। जिसमें सिवनी जिले के अधिवक्ता नवीन नागभिरे बने प्रदेश सचिव बनाया गया है। नवीन किस नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने उन्हें बधाई देते हुए प्रदेश व जिले के नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

सर फोड़ने वाले आरोपी को हुई 6 माह की सजा

सिवनी। थाना आदेगांव के अंतर्गत घटना दिनांक 17.01.2020 को सुबह करीब 09:00 बजे भागीरथ साहू पानी बगाने खेत गया था और लाईट बंद हो जाने से मोजे के घर में बैठा था। उसी समय गांव का लक्ष्मण डहेरिया आया और जमीनी विवाद को लेकर भागीरथ साहू को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर लोहे की रॉड से हाथ, पैर और सर में मारपीट की गई, और जान से मारने की धमकी दिया था ।मारपीट से सर में खून निकला था। घटना के संबंध में प्रार्थी भागीरथ साहू द्वारा थाना आदेगांव में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत धारा 294, 323, 324 एवं 506 भा0द0स0 लेखबद्ध कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाने में अपराध क्रमांक-12/2020 कायम कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरान्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों के आधार पर अभियुक्त के द्वारा अपराध कारित किया पाये जाने पर अभियोगपत्र संबंधित माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमति कीर्ति तिवारी लखनादौन द्वारा पैरवी कर तर्क प्रस्तुत किये गये। तर्कों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय रिषु भगत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लखनादौन द्वारा धारा 324 भा.द.स. में अभियुक्त लक्ष्मण प्रसाद पिता दादूराम डेहरिया उम्र 35 वर्ष ग्राम खखरिया थाना आदेगांव जिला सिवनी को 6 माह का साधारण कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सम्मेद शिखर की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सिवनी। दिगंबर जैन पंचायत कमेटी सिवनी के अध्यक्ष पवन दिवाकर ने कहा है कि जान का तीर्थ सम्मेद शिखरजी जो की झारखंड राज्य में आता है यह तीर्थ क्षेत्र जैन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कुछ वर्षों से यहां पर यहां की पवित्रता को लेकर प्रश्न रहे हैं इस बात को गंभीरता से लेते हुए सकल जैन समाज द्वारा मांग की गई है कि पर्वत में प्रवेश हेतु एक पोस्ट का निर्माण कि या जाए। तीर्थ क्षेत्र में आचार संहिता को शक्ति से लागू किया जाए। जूते चप्पल प्रवेश पर रोक लगाई जाए। इस क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए उचित पहल की जाए इस मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर सिवनी को सोपा गया है।

द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 784 परीक्षार्थी हुए शामिल

सिवनी नवभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 7 मई से 25 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है।

शनिवार को हाईस्कूल परीक्षा अंतर्गत उर्दू विषय की परीक्षा जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। इसमें कुल 15 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें सभी 15 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा अंतर्गत रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलीमेंट्स ऑफ साइंस एंड मैथेमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर तथा गृह प्रबंधन, पोषण एवं वस्त्र विज्ञान विषयों की परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। इसमें कुल 790 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें 769 उपस्थित एवं 21 अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई तथा कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया। जिलास्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, शासकीय म.ल.बा.क. उत्कृष्ट उमावि सिवनी तथा शासकीय उर्दू उमावि सिवनी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इसके अलावा विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दलों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

मनीष अग्रवाल 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवॉर्ड' से होंगे सम्मानित

सिवनी नवभारत। मानवीय मूल्यों और निस्वार्थ सेवा को समर्पित विश्व प्रसिद्ध संस्था द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सिवनी के समाजसेवी और व्यवसायी मनीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड (व्यवसाय एवं परोपकार श्रेणी) के लिए चुना गया है। यह सम्मान उन्हें उनके शांत समर्पण और समाज के प्रति परिवर्तनकारी योगदान के लिए दिया जा रहा है।

यह आयोजन द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और संस्था के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। यह पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है जो बिना किसी प्रचार के समाज को समृद्ध करने में जुटे हैं।

सम्मान समारोह का आयोजन 13 मई को शाम 6.30 बजे मानस भवन ऑडिटोरियम, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के कई दिग्गज नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। मध्य प्रदेश एपेक्स बॉडी के सदस्य सुनील मालू ने बताया कि इस दौरान पुरस्कार वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। मनीष अग्रवाल को इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य में नागरिक करें सहयोग : कलेक्टर

सिवनी नवभारत। जनगणना 2027 अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं संबंधित प्रारंभिक सर्वे कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि प्रत्येक परिवार और मकान की जानकारी सही रूप से दर्ज हो सके।

जिले में नियुक्त प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकानों एवं परिवारों से संबंधित जानकारी का सर्वे किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणक निर्धारित

प्रारूप के अनुसार जानकारी संकलित कर रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाती है। ऐसे में सभी नागरिक गणनाकर्मियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा सर्वे कार्य में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्रीमती मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाए तथा किसी भी क्षेत्र में पात्र परिवारों की जानकारी छूटने न पाए। जिले में कार्य की नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

अब तक 1.65 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन, किसानों को 245 करोड़ से अधिक का भुगतान

सिवनी नवभारत। रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष जिले में 54 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है तथा कुल पंजीकृत रकबा 1 लाख 21 हजार 104 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। जिले के 78 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से सुचारू रूप से खरीदी की जा रही है।

अब तक 44 हजार 281 किसानों को स्लॉट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 25 हजार 336 किसानों ने उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं विक्रय किया है। जिले में कुल 1 लाख 65 हजार 29 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

उपार्जित गेहूं में से 1 लाख 55 हजार 114 मीट्रिक टन गेहूं रेडी-टू-ट्रांसपोर्ट किया जा चुका है तथा 1 लाख 38 हजार 356 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन पूर्ण हो गया है। किसानों को अब तक 245.52 करोड़ रुपये का सफल भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर उपार्जन, परिवहन एवं भुगतान व्यवस्था की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

दो बाइक की भिड़ंत दंपत्ति घायल

सिवनी नवभारत। केवलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम मरकावाड़ा निवासी विनोद बरकड़े (65) अपनी पत्नी आशा बाई बरकड़े (62) के साथ किसी वैवाहिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मरकावाड़ा और सांईखेड़ा के बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चालक नीतेश कुमार दुबे और ईएमटी पूजा देशमुख ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर केवलारी सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

धक्का देकर स्टार्ट करनी पड़ी 108 एम्बुलेंस

कान्हीवाड़ा नवभारत। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आपातकालीन सेवाओं में शामिल 108 एम्बुलेंस भी अब भरोसेमंद नहीं रह गई हैं। गत दिवस काँहीवाड़ा बस स्टैंड में एक 108 एम्बुलेंस खराब हो जाने के कारण कर्मचारियों को उसे धक्का देकर स्टार्ट करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एम्बुलेंस अचानक बंद हो गई, जिसके बाद मौजूद कर्मचारियों और लोगों ने मिलकर वाहन को धक्का लगाया तब कहीं जाकर वह चालू हो सकी। इस घटना का वीडियो और तस्वीरें भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

गौरतलब है कि 108 एम्बुलेंस सेवा को गंभीर मरीजों और दुर्घटना पीड़ितों के लिए जीवनरक्षक सेवा माना जाता है, लेकिन यदि ऐसी सेवाओं के वाहन ही बीच रास्ते में जवाब देने लगें तो मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और शासन से मांग की है कि एम्बुलेंस वाहनों की नियमित जांच एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

आर्थिक तंगी से गुजर रही वनोपज सहकारी समितियां

मप्र वनोपज सहकारी कर्मचारी एवं श्रमिक संघ ने प्रबंध संचालक भोपाल को भेजा ज्ञापन

सिवनी नवभारत। म.प्र.राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल कई सौ करोड़ों के लाभ में है। लाभांश की यह राशि प्रदेश की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से ही प्राप्त होती है। संघ द्वारा इसी लाभांश की राशि में से प्रत्येक समिति को उसके व्यय के लिए दो लाख रूपये वार्षिक कमीशन दिया जाता है। इस कमीशन की राशि से ही समितियों की आर्थिक गतिविधियां एवं वेतन भत्ते आदि का भुगतान होता है। इस वर्ष संघ द्वारा इस कमीशन राशि में से 22 हजार 375 रूपये की कटौती कर देने से समिति की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है। वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जारी है। कमीशन में की गई

कटौती के कारण समिति को तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

म.प्र. वनोपज सहकारी कर्मचारी एवं श्रमिक संघ की जिला इकाई द्वारा प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल के नाम एक ज्ञापन प्रबंध संचालक जिला यूनियन दक्षिण सिवनी को सौंपा गया है। ज्ञापन में कमीशन राशि में की गई कटौती से समिति संचालन में आ रही दिक्कतों के प्रति ध्यान आकृष्ट करते हुए शेष राशि के भुगतान की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित किया गया है कि समिति प्रबंधकों को माह अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक की वेतन वृद्धि राशि 16 हजार रूपये अभी तक अप्राप्त है, जिसके भी भुगतान का आग्रह किया गया हैं। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में समिति प्रबंधक नारायण सनोड़िया, संतोष पटले, राजेश भलावी, राकेश वरकड़े, मेमबती अड़माचे, भुमेश्वरी सोनेश्वर, रमा नागले, वीरेन्द्र नागरे, शत्रुघन उइके, पोतनलाल चैरे, अर्चना महलवंशी, विजय मेश्राम, लीमचंद रंगारे, चेतराम झारिया, दुर्गेश कुमार चैधरी, रमेश रामटेके सहित अन्य शामिल थे।

कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस लखनादौन, आदेगांव, धूमा, सालीवाड़ा, घंसौर व केदारपुर के पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

सिवनी नवभारत। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि जी की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण पवार की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनादौन, आदेगांव, धूमा, सालीवाड़ा, घंसौर एवं केदारपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई।

लखनादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदीप जैन। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा तिवारी, प्रमोद यादव, संतोष अग्रवाल लखनादौन। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव सुरेश गोल्हानी, सादिक खान, श्रीमती रजनी अग्रवाल, अर्जुन बैसले, राजेन्द्र अवधिया, मुकेश गोल्हानी लखनादौन। ब्लॉक कांग्रेस सचिव ओमकार बरमैया, सुरेश गुप्ता गनेशगंज, घनश्याम झारिया, श्रीमती रेशमा परते, अजय ठाकुर सिरोलीपार, महेन्द्र करपे सुकवाह, लेखन सीराम संगईमाल, गोविंद उइके भरदा। ब्लॉक मीडिया (प्रवक्ता) नीलेश स्थापक। ब्लॉक सोशल मीडिया में आशीष विश्वकर्मा, विधि सलाहकार तरूण श्रीवास लखनादौन का समावेश किया गया। आदेगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्रा आदेगांव। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुमबाई परते, देवीसिंह चिचले, पवन तिवारी आदेगांव। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती समता बाई कुमरे, श्रीमती लक्ष्मी बाई नाथ, कढोरीलाल सिरसाम, अरविंद नेमा, चन्द्रकिशोर साहू, हीरा धुर्वे मोहगांवगूजर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती सुमरत बाई इनवाती, श्रीमती ललिता बाई पतलोन, श्रीमती बिस्तोबाई विश्वकर्मा बिछुआ, श्रीमती रामकुमारी करछुवाई, मोहन साहू, राजेश परते खमरिया, जमना सोनी, दंगलसिह हमीरगढ़। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) इन्द्रकुमार सेन मोहगांवकाक्षी। ब्लॉक सोशल मीडिया पवन डेहरिया विधि सलाहकार विजय नेमा आदेगांव की नियुक्ति की गई। धूमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी। उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, रामकिशोर बकोडे,सरोज तिवारी धूमा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव रामनारायण साहू, सुरेशकुमार प्रजापति, राजकुमार अग्रवाल, रजनी नामदेव, मीराबाई साहू। ब्लॉक कांग्रेस सचिव रमेश अग्रवाल, कृष्णकुमार तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, अनिलकुमार शिवहरे, संतोष कुशवाहा, अंकित चैबे, मीना अग्रवाल, मधु मरकाम, जयंतीबाई यादव, देवकीबाई सरयाम धूमा। मीडिया प्रवक्ता सुनील शिवहरे। सोशल मीडिया अंकित परते गोकलपुर की नियुक्तिकी गई है। सालीवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष नीलसिंह गुर्जर सलेमा। उपाध्यक्ष नौसाद खान गोरखपुर, रविन्द्रसिंह उइके सर्रा, अनिलकुमार यादव झलवानीमाल। महासचिव रामचन्द्र कुमरे सालीवाडा, श्रीमती लक्ष्मी उइके केवलारी, राजेश उइके सुजालपुर, पन्नालाल मरावी खिरखिरी, काशीराम चन्द्रवंशी हर्राई, रामचन्द्र गुर्जर सलेमा। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती विनीता नागेश बेगरवानी, राजेश पटेल हिंगवानी, विनोद कुमार सकरी, लोकमन मरावी, श्यामलाल वंशकार घोघरीमाल, संजू विश्वकर्मा सकरी, राकेश डेहरिया सालीवाड़ा, धनैया मरावी तीतरी। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) दीपक बकोडे सलेमा। ब्लॉक सोशल मीडिया चकित कुमार सेन सालीवाड़ा। घंसौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संजीत गुमास्ता कहानी। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती द्रोपतीझारिया बीजासेन, कोमल नेताम छीतापार, सुदेश अग्रवाल घंसौर। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती सविता बर्मन घंसौर, राजेश डोंगरे केवलारी, रियाज खान दरोटकला, बिन्नू यादव बदम, अशोक पटेल बाम्हनवाड़ा,सुमित जैन घंसौर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव उत्तम नेताम छीतापार, श्रीमती सविता ग्रीयाम घंसौर, श्याम गिरी गाडाघाट, मुकेश मरावी पिंडरई, हीरालाल भटेखारी, अशोक कुमार ईश्वरपुर, दीनदयाल बालपुर, श्रीमती रामकुमारी बालपुर। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) राजीव त्रिवेदी गोरखपुर एवं ब्लॉक सोशल मीडिया में सुरेन्द्र नामदेव घंसौर की नियुक्ति की गई। 6. केदारपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष देवेन्द्र नागेश किंदरई। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष गणेश प्रजापति, श्रीमती सविता राजपूत भिलाई, श्रीमती रोशनी पटैल झुरकी। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती सुनीता पटैल ब्यौहारी, श्रीमती सुनीता मरावी गंगपुर, लालजू बल्झारी पुटरई, सुमत झारिया तिंदुआ, देवीप्रसाद कुडापे सिंघनपुरी, धनीराम कुमरे मसूरभांवरी को जिम्मेदारी सौंपी है।

कार्यकारी अध्यक्ष का एक साल रहा जीरो : राजिक

सिवनी नवभारत। नगर पालिका परिषद सिवनी कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडीया का कार्यकाल जीरो रहा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राजिक अकील ने बताया की 1 वर्ष में जो महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए थे वह कार्य प्रारंभ ही नहीं हो सके गीता भवन रोज गार्डन कम्युनिटी हॉल गुरु नानक वार्ड राजस्व कार्यालय में नगर पालिका कार्यालय भवन जो की हर तरह की स्वीकृति प्राप्त कर चुका था सिर्फ महिला महिला वासिती ग्रह को डिस्मेंटल करके निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना था जो की नगर के मध्य था कार्यालय भवन के लिए सबसे उपयुक्त स्थान था इनके द्वारा भवन दुर्भावना वश किदवई वार्ड कर दिया गया लेकिन उसे प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई मुख्य नगर पालिका अधिकारी की प्रमुख सड़क जिससे हम मॉडल रोड कहते हैं ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन काम किया गया लेकिन इस पर ज्ञान चंद सनोड़िया द्वारा किसी प्रकार का कोई शिकायत नहीं की गई बहुत ही घटिया स्तर का कार्य हुआ है नगर पालिका में बीते 1 साल लोगों के काम जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र खाद पर्ची,पेंशन,भवन निर्माण नामांतरण अनेक क्षेत्रग्रही योजना सभी लोग बहुत ज्यादा परेशान हुए हैं

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान का कार्यकाल देखे तो नगर के सभी प्रमुख मार्गों का डामरीकरण कर दिया गया, दलसागर में लाइट साउंड फाउंटेन लगाया गया मठ मंदिर में तालाब का सौंदर्यकरण किया गया 24 वार्डों में सामान्य रूप से सभी पार्षदों के काम सड़क नाली निर्माण संबंधी प्रारंभ किए गए निषाद राज भवन,आजाद वार्ड में सामुदायिक भवन का कार्य तेजी से प्रारंभ हुआ, अहिंसा द्वारा, श्री आदि गुरु के नाम पर छिंदवाड़ा चौक का नामकरण, जन्मदिन दिन पर गौरव दिवस, छिंदवाड़ा चौक ने जगत गुरु स्वामी स्वरुपानन्द महाराज जी कि स्मृति में स्तम्भ की स्थापना ऐसे अनेक कार्य नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के कार्यकाल में हुए कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया के बनने के बाद नगर विकास हंस गया है राजिक अकील ने कहा की दूसरी वजह यह रही की सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन से संबंध खराब रहे जिसके कारण सिवनी विधायक ने नगर पालिका को विधायक निधि के नाम से कोई भी राशि नहीं दी गई ना ही निर्माण के लिए नगर पालिका सिवनी को उनके कार्यकाल में निर्माण एजेंसी बनाया ज्ञानचंद सनोड़िया द्वारा 1 वर्ष में तीन बैठकों में लगभग ढाई सौ कार्य स्वीकृत कराए गए लेकिन उनमें से एक भी कर प्रारंभ नहीं हो सका कांग्रेस पार्षदों के साथ सौतेला बर्ताव किया गया बहुत से भाजपा पार्षदों के साथ भी यही बर्ताव ज्ञानचंद सनोड़िया द्वारा किया गया जिनमें वार्डों में उनके रहते कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सके।